# डेंगू पर प्रहार अभियान रैली को रवाना किया




रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

डेंगू पर प्रहार अभियान रैली को विधायक चैतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नगर निगम परिसर से हरी झंडी दिखाकर शहर भ्रमण के लिए रवाना किया। डेंगू के विरुद्ध जनजागरूकता उत्पन्न करने के लिए आयोजित रैली ने शहर में भ्रमण किया। इस अवसर पर निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सीएमएचओ डॉ.प्रभाकर ननावरे भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि डेंगू से बचाव एवं नियंत्रण की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने हेतु विशेष जागरूकता अभियान आरंभ किया गया है। यह अभियान डेंगू पर प्रहार अभियान के रूप में चलाया जाएगा। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वाहक मच्छरों की वृद्धि में कमी लाने हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से यह अभियान प्रारंभ होगा।


राजएक्सप्रेस 16/9/21

# डेंगू पर प्रहार अभियान रैली, विधायक चेतन्य काश्यप ने दिखाई हरी झंडी




रतलाम. डेंगू पर प्रहार अभियान रैली को विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नगर निगम परिसर से हरी झंडी दिखाकर शहर भ्रमण के लिए रवाना किया। डेंगू के विरुद्ध जनजागरूकता उत्पन्न करने के लिए आयोजित रैली ने शहर में भ्रमण किया। इस अवसर पर निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि डेंगू से बचाव एवं नियंत्रण की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान आरंभ किया गया है। अभियान डेंगू पर प्रहार अभियान के रूप में चलाया जाएगा।

पत्रिका 16/9/21



# 'डेंगू पर प्रहार' के लिए रैली

**रतलाम, नप्र।** डेंगू से बचाव एवं उस पर काबू पाने तथा लोगों को जागरूक करने के लिए यहां प्रशासन की ओर से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर का मकसद हैं कि इस अभियान को संचालित कर डेंगू पर काबू पाने की जानकारी हरेक व्यक्ति तक पहुंचाना है।

आज सुबह यहां नगर निगम दफ्तर से 'डेंगू पर प्रहार' की जागरूकता रैली निकाली गई। शहर विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम तथा आयुक्त नगर निगम सोमनाथ झारिया ने रैली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली नगर के प्रमुख मार्गों से निकली जिसमें लोगों को डेंगू पर प्रहार करने की जानकारी देकर घरों के आसपास साफ पानी को जमा न होने देने, कूलरों और फ्रीज से जमा पानी साफ करने तथा साफ-सफाई रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर निगम के जनप्रतिनिधियों के अलावा निगम कर्मचारी व अधिकारी भी मौजूद रहे।

'डेंगू पर प्रहार अभियान' के तहत रतलाम शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बढते मच्छरों की संख्या पर कमी लाने के लिए सभी की सहभागिता से विभिन्न गतिविधियां संचालित कर डेंगू का खात्मा किया जाएगा।

पृ.क्री. 15

प्रभातकिरण 15/9/21



पृ. क्र. 6

## चलित टीका वाहन- कलेक्टर ने दिखाई झंडी

**रतलाम, नप्र।** कोविड-19 टीकाकरण अभियान में टीके लगाए जाने के लिए चलित वाहन शहर में भ्रमण कर रहे है। इन वाहनों पर तैनात दल नागरिकों को कोवीशील्ड वैक्सीन का पहला टीका लगाएंगे।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने चलित वेक्सीन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एम.एल.आर्य, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, रतलाम शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत, गोविन्द काकानी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील आदि मौजूद थे।

## 55 हजार टीकाकरण का लक्ष्य

6. पृ.

**रतलाम, नप्र।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर आगामी 17 सितंबर को तीसरा टीकाकरण महाअभियान शुरू होगा। टीका लगाए जाने के काम में गति लाने और वैक्सीन की प्रथम डोज से छूटे लोगों लोगों के टीकाकरण के लिए महाअभियान 3.0 चलाया ... जिले को 55 हजार टीके लगाए

## दो दिन पहले शुरू हुए बाल चिकित्सालय के बरामदे में बच्चों के उपचार की मजबूरी

# डेंगू बना नया खतरा: प्रहार अभियान की शुरूआत के दिन ही एक जिंदगी की हार

लगातार


1 दिन, 111 बच्चे भर्ती 20 को डेंगू बताया

कलेक्ट्रोरेट में गंदगी, नहीं किसी की नजर

पत्रिका

प्रकाशित खबर।

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** डेंगू पर प्रहार अभियान के पहले ही दिन जिले में एक बालक की मौत की पुष्टि ने पूरी व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है। प्रशासन हर दिन स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर नए-नए उपाय अपना रहा है लेकिन बीमारी के प्रभाव को कम करने में सिर्फ नाकामी हाथ आ रही है। हाल ही में 2 दिन पूर्व और नए सिरे से शुरू किए गए बाल चिकित्सालय की हालत अभी से बदतर होने लगी है। यहां वार्डों में बेड कम पड़ गए हैं जिसके चलते उपचार के लिए आने वाले बच्चों को अब बरामदे में जमीन पर लेटा कर उनका उपचार करने की मजबूरी है। बरसते पानी के बीच परिजन बच्चों को गोद में लेकर बरामदे की फर्श पर बैठ उनका उपचार करवा रहे हैं।





### जगह की कमी, तैयारियों में खामी

मौसमी बीमारियों के चलते बाल चिकित्सालय में जगह कम पड़ने के साथ ही साधन संसाधन भी अब कम पड़ने लगे हैं। यहां अव्यवस्था से बचने के लिए प्रशासन चाहे तो तीसरी लहर के लिए जो स्थानीय स्तर पर व्यवस्था की गई है, वहीं पर इन बच्चों को शिफ्ट किया जा सकता है जिससे कि जिला मुख्यालय पर इस कदर के हालात भी नहीं बनेंगे और तीसरी लहर से निपटने की तैयारियों की हकीकत भी पता चल जाएगी कि उसके लिए हम कितने तैयार है। लोगों का कहना है कि फिलहाल तो अस्पताल में जगह की कमी है और व्यवस्थाओं में भी साफ तौर पर खामी नजर आ रही है, इसमें सुधार जरूरी हो गया है।

### न बिछाने को चादर है न ओढ़ने को

बाल चिकित्सालय में जो बच्चों को भर्ती किया जा रहा है, उनके लिए ओढ़ने और बिछाने तक की व्यवस्था नहीं है। बाहर बरामदे में उपचार करवा रहे परिजन घर से ही चादर और दरी लेकर आ रहे हैं और वह बिछाकर उस पर बच्चों को लिटा कर उनका उपचार करवा रहे हैं। बाल चिकित्सालय के यह हालात हर किसी के रोंगटे खड़ा करते नजर आ रहे हैं।

पत्रिका 16/9/21

# सात जिलों में भारी बारिश की संभावना, आरेंज अलर्ट जारी

भोपाल। राजधानी सहित प्रदेशभर में बारिश का सिलसिला जारी है। गुरुवार को रीवा, सतना, नरसिंहपुर, सागर, दतिया, भिंड व छतरपुर जिले में भारी की संभावना है। मौसम विभाग ने इसके लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है, वहीं 65.5 मिलीमीटर से 204.4 मिलीमीटर तक बारिश होने की संभावना है। सीधी, सिंगरौली, डिंडौरी सहित 28 जिलों में भारी बारिश के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल सहित आठ संभागों में भी गरज-चमक के साथ बिजली गिरने और हल्की बारिश होने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि छत्तीसगढ़ और उससे लगे मप्र में बना अवदाब का क्षेत्र बुधवार को गहरे कम दबाव के क्षेत्र में तब्दील होकर मप्र में प्रवेश करेगा। इसके अतिरिक्त अलग-अलग स्थानों पर बने तीन वेदर सिस्टम के प्रभाव से अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से बड़े पैमाने पर नमी आ रही है जो गुरुवार से प्रदेशभर में झमाझम बारिश कराएगी।

**28 जिलों में भारी बारिश के लिए यलो अलर्ट जारी :** सीधी, सिंगरौली, डिंडोरी, जबलपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, दमोह, टीकमगढ़, निवाड़ी, शिवपुरी, मुरैना, श्योपुरकलां, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, होशंगाबाद, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, बैतूल व हरदा। वहीं सागर, रीवा, जबलपुर, शहडोल, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, होशंगाबाद, ग्वालियर व चंबल संभाग के जिलों में बिजली गिरने की संभावना जताई गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आगे बढ़ा सिस्टम वर्तमान में उत्तरी छत्तीसगढ़ और उससे लगे मध्यप्रदेश पर अवदाब के रूप में सक्रिय है। गुजरात पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात मौजूद है। मानसून ट्रफ नलिया, गुजरात, इंदौर, होशंगाबाद से छत्तीसगढ़, ओडीशा से होकर बंगाल की खाड़ी तक बना हुआ है। एक अन्य ट्रफ भी मानसून ट्रफ के सामानांतर अरब सागर से बंगाल की खाड़ी तक बना है। प्रसारण

प्रसारण 16/9/21

# सात जिलों में अति भारी बारिश की संभावना

## रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर सहित 28 जिलों में यलो अलर्ट

**भोपाल (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** राजधानी सहित प्रदेशभर में बारिश का सिलसिला जारी है। गुरुवार को रीवा, सतना, नरसिंहपुर, सागर, दतिया, भिंड व छतरपुर जिले में भारी की संभावना है। मौसम विभाग ने इसके लिए आरेंज अलर्ट जारी किया है। सीधी, सिंगरौली, डिंडौरी सहित 28 जिलों में भारी बारिश के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल सहित आठ संभागों में भी गरज-चमक के साथ बिजली गिरने और हल्की बारिश होने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि छत्तीसगढ़ और उससे लगे मप्र में बना अवदाब का क्षेत्र बुधवार को गहरे कम दबाव के क्षेत्र में तब्दील होकर मप्र में प्रवेश करेगा। इसके अतिरिक्त अलग-अलग स्थानों पर बने तीन वेदर सिस्टम के प्रभाव से अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से बड़े पैमाने पर नमी आ रही है जो गुरुवार से प्रदेशभर में झमाझम बारिश कराएगी।

**इन जिलों में अति भारी बारिश की चेतावनी :** रीवा, सतना, नरसिंहपुर, सागर, दतिया, भिंड व छतरपुर

**इन जिलों में भारी बारिश के लिए यलो अलर्ट जारी :** सीधी, सिंगरौली, डिंडोरी, जबलपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, दमोह, टीकमगढ़, निवाड़ी, शिवपुरी, मुरैना, श्योपुरकलां, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, होशंगाबाद, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, बैतूल व हरदा। वहीं सागर, रीवा, जबलपुर, शहडोल, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, होशंगाबाद, ग्वालियर व चंबल संभाग के जिलों में बिजली गिरने की संभावना जताई गई है।



**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय से हर्री गांव जाने वाले मार्ग पर तिपान नदी का पुल बाढ़ के पानी से क्षतिग्रस्त हो गया।


### महाकोशल-विंध्य में झमाझम

**जबलपुर।** महाकोशल-विंध्य क्षेत्र के बालाघाट, सिवनी, मंडला, डिंडौरी, कटनी, नरसिंहपुर, शहडोल, अनूपपुर, रीवा, सतना में बारिश से लोगों मे राहत की सांस ली।

# ‘द्वारका रेसीडेंसी’ अतिक्रमण तोड़ने का मैप फिर से दे दी गेप

**मनमर्जी का निर्माण**

**द्वारका रेसीडेंसी का गड़बड़झाला**



**रतलाम @ पत्रिका.** शहर के चेतक ब्रिज के करीब बने द्वारका रेसीडेंसी के द्वारा सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को तोड़ने का साहस नगर निगम के अधिकारी नहीं दिख पा रहे है। अब तक उस उपयंत्री पर भी कार्रवाई नहीं की गई है, जिसने किए गए अतिक्रमण को अनदेखा किया था। इन सब के बीच तीन दिन से निगम खोखला बयान जारी कर रहा है कि वो शहर में अतिक्रमण हटाएगा व तोड़ने पर 15 हजार रुपए प्रतिघंटे की दर से शुल्क वसूलेगा। हैरानी की बात यह है कि बयान में दावा सोमवार से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने की बात की जा रही है, लेकिन आयुक्त के अधिनस्थ अधिकारी बुधवार तक उसको पालन करने में फिसड्डी साबित हुए है।

2019 में निर्माण कार्य शुरू किए गए द्वारका रेसीडेंसी को मंजूरी नगर निगम के अधिकारियों ने ही दी। समय समय पर जाकर अतिक्रमण नहीं हुआ यह देखने की जवाबदेही उपयंत्री से लेकर सहायक इंजीनियर की रहती है, जिन लोगों ने इस अतिक्रमण को अनदेखा किया कार्रवाई निगम के आला अधिकारी करने का साहस नहीं दिखा पाए है।

## निर्देश सोमवार के बुधवार तक पत्ता नहीं हिला

नगर निगम तीन दिन से बयान जारी करके अतिक्रमण के मामले में खोखली चेतावनी दे रहा है। नगर निगम आयुक्त ने सोमवार से शहर में अतिक्रमण हटाने को कहा था, बुधवार तक अतिक्रमण के मामले में पत्ता तक नहीं हिला है। जो बयान जारी किया गया है उसमे इस बात का उल्लेख है कि शहर की मुख्य सड़के सैलाना रोड, सागोद रोड, महू रोड, स्टेशन रोड सहित अन्य सड़कों के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति के निर्माण पाए जाने पर उन्हे तोड़ने की कार्यवाही निगम आयुक्त झारिया के कहने पर गठित दलो के द्वारा प्रारंभ की जा रही है। इसके साथ ही संबंधितों से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राशि वसूल होगी।

## गंभीरता से नहीं लिए आयुक्त के निर्देश

निगम आयुक्त झारिया ने नगर निगम के गठित दलों को निर्देश दिए है शहर की मुख्य सड़कों के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर 13 सितम्बर सोमवार से प्रारंभ कर प्रतिदिन की जाये व संबंधितों से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राशि वसूल की जाये। इस निर्देश को ही नगर निगम के लोकनिर्माण विभाग, राजस्व विभाग ने गंभीरता से नहीं लिया। पत्रिका

पत्रिका 16/9/21

**दुकान की बिक्री का ख्वाब, सुविधा के नाम पर कुछ नहीं**

# टूटे पतरे, कचरे की गंदगी कायम

**रतलाम.** नगर निगम अपनी महू रोड स्थित सुभाष शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की 99 दुकान की बिक्री करने का ख्वाब तो देख रहा है, लेकिन जो इसको खरीदेगा, उसको पहले यहां पर दुकान की खरीदी के साथ साथ अन्य व्यय भी करने होंगे।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने इन दुकान की बिक्री के लिए सेमीनार किया था। जनसंपर्क विभाग के कर्मचारी शैलेंद्र गोठवाल को पिछले दो माह से कारोबारियों को इन दुकान की खरीदी के लिए तैयार करने के काम में ही लगा दिया है। करीब 1 हजार कारोबारियों से गोठवाल ने बात की है, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई है।

## पतरे तक टूट गए

नगर निगम की शेष रही 99 में से करीब 40 दुकानों की शटर पतरे टूट गए है। किसी शटर में बीच में टूट हो गई है तो किसी शटर में नीचे से लोहा गायब हो गया है। दुकानों छत से बारिश का पानी भी टपक रहा है। निगम ने दुकानों की बिक्री के पूर्व



अब तक इनको ठीक करवाना जरूरी नहीं समझा। जिन दुकानों में पानी छत से रिसकर आ रहा है वहां पर मच्छर पनप रहे है।

## गंदगी-मच्छर पनप रहे

सुभाष शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में मच्छर पनप रहे है। यहां पर दुकानों के अंदर गंदगी जमा हो गई है। कुछ समय पूर्व तक यहां शराबखोरी होती थी। अंधेरा का लाभ उठाकर अपराधी वर्ग इसका लाभ उठाकर अब भी यहां पर आते है। सुभाष शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में गंदगी को निगम साफ तक नहीं करवाया पाया है। निगम के कर्मचारी ग्राहकों को दुकानों की जानकारी देने के लिए यहां पर बैठे हुए है, लेकिन उन्होंने तक अब इसको साफ करवाना जरूरी नहीं समझा है। छत से जो पानी रिसाव हो रहा है उससे भी गंदगी बढ़ रही है। उपर जाने के लिए जो सिढ़ी है, उस पर कचरे के ढ़ेर पड़े हुए है।

सुभाष शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की बिक्री के पूर्व यहां पर सफाई कार्य हो जाएगा। इसके लिए निर्देश जारी कर दिए गए है। **- एपीसिंह,** स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम

## मरम्मत का दावा किया

इधर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बुधवार शाम को इस क्षेत्र में निरीक्षण किया व दावा किया दुकानों की मरम्मत करना शुरू किया गया है। 35 लाख रुपए के व्यय से दुकानों को सुधारा जाएगा। कुछ समय पूर्व निर्मित इस मार्केट की दुकानो व छत बेहतर बनाने के लिए निगम प्रशासन यहां लगभग 35 लाख रुपए की लागत से मरम्मत कार्य शुरु करवा चुका है।

पत्रिका

पत्रिका 16/9/21




# डेंगू पर प्रहार अभियान रैली को विधायक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

प्रसारण न्यूज • रतलाम

डेंगू पर प्रहार अभियान रैली को विधायक चैतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नगर निगम परिसर से हरी झंडी दिखाकर शहर भ्रमण के लिए रवाना किया। डेंगू के विरुद्ध जनजागरूकता उत्पन्न करने के लिए आयोजित रैली ने शहर में भ्रमण किया।

इस अवसर पर निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि डेंगू से बचाव एवं नियंत्रण की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने हेतु विशेष जागरूकता अभियान आरंभ किया गया है। यह अभियान डेंगू पर प्रहार अभियान के रूप में चलाया जाएगा।

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वाहक मच्छरों की वृद्धि में कमी लाने हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से यह अभियान प्रारंभ होगा।

प्रसारण

प्रसारण 16/9/21



# डेंगू पर प्रहार अभियान रैली को विधायक ने दिखाई हरी झंडी

**रतलाम** ● डेंगू पर प्रहार अभियान रैली को विधायक चैतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नगर निगम परिसर से हरी झंडी दिखाकर शहर भ्रमण के लिए रवाना किया। डेंगू के विरुद्ध जनजागरूकता उत्पन्न करने के लिए आयोजित रैली ने शहर में भ्रमण किया।

इस अवसर पर निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि डेंगू से बचाव एवं नियंत्रण की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने हेतु विशेष जागरूकता अभियान आरंभ किया गया है। यह अभियान डेंगू पर प्रहार अभियान के रूप में चलाया जाएगा। शहरी और

गतिविधियों के माध्यम से यह अभियान प्रारंभ होगा।

## रोजगार मेले में 41 युवाओं को ऑफर लेटर

बाजना। भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिला प्रशासन एवं म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जनपद पंचायत बाजना में विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 71 बेरोजगार आवेदनों ने अपना पंजीयन करवाया। प्रदेश की पांच कम्पनियों ने सेल्स प्रतिनिधि, मशीन ऑपरेटर, सुपर वाइजर, ट्रेनिंग, मशीन वर्कर, बीमा अभिकर्ता,

मिनी स्मार्ट सिटी • ठेकेदार ने कलेक्टर से कहा था 15 जुलाई तक ऊंकाला रोड बना दूंगा

# शास्त्री नगर व आनंद कॉलोनी का काम अधूरे में बंद, ऊंकाला और महू रोड पर भी काम धीमा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट ठेकेदार की मनमानी के कारण फेल साबित हो गया है। तीन साल हो गए, 6 सड़कों में से दो जवाहर नगर और लोकेंद्र टॉकिज रोड का काम शुरू तक नहीं हो पाया है। शास्त्री नगर और आनंद कॉलोनी सड़क आधी बनकर काम बंद है।

फिलहाल महू और ऊंकाला रोड का काम चल रहा है। वह भी बहुत धीमी गति से। मार्च के रिव्यू में विधायक चेतन्य काश्यप नाराजगी जता चुके हैं। ठेकेदार कंपनी आर्यवृत्त प्रोजेक्ट एंड डेवलपर्स ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से किए गए 15 जुलाई तक ऊंकाला सड़क बना देने के वादे को भी ठेंगा दिखा दिया है। ठेकेदार से परेशान नगर निगम भी ज्यादा कुछ नहीं कर पा रहा है। जून में ठेकेदार कंपनी का टेंडर निरस्त कर फर्म को ब्लैक लिस्टेड करने के लिए भोपाल प्रतिवेदन भेजा था। उसका अब तक न तो जवाब आया है, न ही कार्रवाई हो पाई है।

**जवाहर नगर, लोकेंद्र टॉकीज सड़क का काम शुरू ही नहीं हुआ**



जवाहर नगर में लंबे समय से सड़क का काम शुरू नहीं हुआ है।

कोविड महामारी की आड़ लेकर कंपनी की समय सीमा चार बार बढ़ाई जा चुकी है। टेंडर की शर्तों के अनुसार कंपनी को 31 अगस्त 2020 तक प्रोजेक्ट के सारे काम पूरा करने थे। इसके विपरीत अब तक एक काम भी पूरा नहीं हो पाया है। इसे बढ़ाकर पहले मार्च 2021, फिर जुलाई 2021 और अब 31 दिसंबर कर दी गई है।

## ये सड़कें अब नगर निगम बनवाएगा

- **जवाहर नगर रोड** - गुजरात स्वीट्स- गांधीनगर-लक्ष्मणपुरा-जूनियर रेलवे इंस्टिट्यूट तक
  **वर्तमान स्थिति** - अब तक काम शुरू नहीं
- **लोकेंद्र टॉकीज रोड** -सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टॉकीज तक
  **वर्तमान स्थिति** - अब तक काम शुरू नहीं
- **शास्त्री नगर मुख्य मार्ग** - पावर हाउस तिराहा से न्यू रोड तिराहा
  **वर्तमान स्थिति** - 26 मई से साइडिंग बनाने खुदाई शुरू की दी, चार-पांच दिन काम चला, उसके बाद से बंद है।

## इन सड़कों का काम तीन साल बाद भी अधूरा

- **ऊंकाला रोड** - चार चक्की चौक-सेठिया गार्डन-बजरंग नगर तक
  **वर्तमान स्थिति** - मांगलिक भवन के सामने बीएलसी (सीसी के पहले आधार निर्माण) वर्क चल रहा है।
- **आनंद कॉलोनी रोड** - कॉन्वेंट स्कूल से कालिकामाता पुलिया तक
  **वर्तमान स्थिति** - 12 मीटर की बजाए 9 मीटर की बनाकर छोड़ दिया, गार्डन की तरफ तीन मीटर चौड़ी करने का काम बाकी।
- **महू रोड** - कृषि मंडी से फव्वारा चौक तक
  **अभी हालत** - दो साल में फुटपाथ पर पेवर ब्लॉक तक नहीं लग पाए।

*मिनी स्मार्ट सिटी महत्वपूर्ण और प्राथमिकता वाला प्रोजेक्ट है। बावजूद इसके ठेकेदार कंपनी बहुत धीमा काम कर रही थी। कई बार चेतावनी दे चुके हैं लेकिन कार्य में सुधार नहीं आ रहा था। अब निगम के मार्फत तेजी से काम होगा।*
**चेतन्य काश्यप,** विधायक

*निगरानी समिति ने तीन सड़कों के काम एमपीयूडीसी द्वारा अनुबंधित एजेंसी से डि स्कोप कर नगर पालिक निगम से कराए जाने की अनुशंसा की थी। उसी आधार पर कार्रवाई करते हुए बुधवार एमपीयूडीसी ने आदेश जारी किए हैं।*
**- कुमार पुरुषोत्तम,** कलेक्टर

दै. भास्कर 16/9/21

डाट की पुल का सीसी रोड • सवाल यह कि कब्जा हो गया तो फिर फुटपाथ बनेगा कैसे


# रोड बन ही रहा और अतिक्रमण दोबारा शुरू हुआ

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए नगर निगम अभियान चला रहा है। इसमें फुटपाथ पर हो रहे अतिक्रमण को हटाया जा रहा है ताकि रोड चौड़ा हो और ट्रैफिक व्यवस्था में भी सुधार हो सके। बावजूद अतिक्रमणकर्ता बाज नहीं आ रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण डाट की पुल क्षेत्र का है।

डाट की पुल से दो बत्ती तक निगम सीमेंट कांक्रीट रोड बना रहा है। इसके लिए पूर्व में यहां से अतिक्रमण हटाया गया। अब जब डीआरएम ऑफिस की साइड की सीसी रोड तैयार हो गई है तो यहां फिर से अतिक्रमण होना शुरू हो गया है। डीआरएम ऑफिस की बाउंड्रीवॉल के किनारे अतिक्रमणकर्ताओं ने फिर से गुमटियां लगा दी हैं। जबकि अभी रोड भी पूरी नहीं बनी है। ऐसे में अब फुटपाथ बनेगा तो कैसे।

## डीआरएम ऑफिस की साइड की सीसी रोड तैयार, यहां गुमटियां भी लगने लगीं



सीसी रोड बनाने के लिए नगर निगम ने मार्ग से अतिक्रमण हटाया था। इससे चार दिन पहले ये स्थिति थी।



सीसी रोड बनते ही डीआरएम ऑफिस की बाउंड्रीवॉल के पास फिर से अतिक्रमण शुरू हो गया है और फिर से दुकानें लगने लगी हैं।

भास्कर

दै. भास्कर 16/9/21

## डेंगू से बचाव हेतु प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव निरंतर जारी

रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोतम के निर्देशानुसार नागरिकों को मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से बचाव हेतु नगर प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव का कार्य निरंतर जारी है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर बताया कि शहर में बढ़ रहे डेंगू व मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार फॉगिंग मशीन प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से नगरनिगम व मलेरिया विभाग द्वारा रूट चार्ट अनुसार सुबह 5 :30 से 8 :00 बजे तक व शाम को 6 से रात 10 बजे तक किया जा रहा है साथ ही प्रत्येक वार्ड में एक-एक हैण्ड स्प्रे मशीन से भी कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है। प्रसारण

प्रसारण 16/9/21

## मवेशी पकड़ने वाली गैंग के कर्मचारियों का दो दिवस का वेतन काटा

रतलाम। राम मंदिर के सामने सैलाना रोड के निरीक्षण के दौरान डिवाईडर पर 4 मवेशी बैठे पाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार मवेशी पकड़ने वाली गैंग के कर्मचारियों का दो दिवस का वेतन काटा गया। राम मंदिर के सामने सैलाना रोड के डिवाईडर पर 4 मवेशी बैठे पाये जाने पर मवेशी पकड़ने हेतु नियुक्त गैंग के कर्मचारी चरणसिंह-भारतसिंह, कैलाश-नन्दलाल, हीरालाल-गबरू, मेहफुज-कालेखां, पुनमचन्द-रतन, कमलेश-त्रिलोकचन्द, राधेश्याम-भंवर, रामु-राजू व संजय-सत्यनारायण का दो दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया गया।

प्रसारण

प्रसारण 16/9/21

## रोजगार मेलाः 41 को आफर लेटर मिले

रतलाम/बाजना। 15 सितंबर 2021/ भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 15 सितम्बर को जिला प्रशासन एवं म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जनपद पंचायत बाजना में विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में जिला परियोजना प्रबंधक हिमांशु शुक्ला, जिला प्रबंधक कौशल एवं रोजगार अमरसिंह तोमर, गोपाल रावत, आजीविका मिशन ब्लाक प्रबंधक विजय भाटी, मनोज धीमान, जितेन्द्रसिंह चौहान, प्रकाश किराडे, बीना रायपुरिया, पूंजा यादव, मोतीलाल कटारा आदि उपस्थित थे। रोजगार मेले में 71 बेरोजगार आवेदनों ने अपना पंजीयन करवाया। प्रदेश की पांच कम्पनियों ने सेल्स प्रतिनिधि, मशीन आपरेटर, सुपर वाईजर, ट्रेनिंग, मशीन वर्कर, बीमा अभिकर्ता, सेल्क मार्केटिंग, सिक्योरिटी गार्ड, हेल्पर आदि विभिन्न पदों पर कुल 41 युवाओं का चयन कर आफर लेटर प्रदान किए तथा 20 आवेदकों का ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था आरसेटी में प्रशिक्षण हेतु चयन किया गया।

नवभारत 16/9/21

## रोजगार मेले में 41 युवाओं को आफर लेटर प्रदान किए गए

रतलाम। भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 15 सितम्बर को जिला प्रशासन एवं म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जनपद पंचायत बाजना में विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में जिला परियोजना प्रबंधक हिमांशु शुक्ला, जिला प्रबंधक कौशल एवं रोजगार अमरसिंह तोमर, गोपाल रावत, आजीविका मिशन ब्लाक प्रबंधक विजय भाटी, मनोज धीमान, जितेन्द्रसिंह चौहान, प्रकाश किराड़े, बीना रायपुरिया, पूंजा यादव, मोतीलाल कटारा आदि उपस्थित थे। रोजगार मेले में 71 बेरोजगार आवेदनों ने अपना पंजीयन करवाया। प्रदेश की पांच कम्पनियों ने सेल्स प्रतिनिधि, सिक्योरिटी गार्ड, हेल्पर आदि विभिन्न पदों पर कुल 41 युवाओं का चयन कर आफर लेटर प्रदान किए तथा 20 आवेदकों का ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था आरसेटी में प्रशिक्षण हेतु चयन किया गया।

प्रसारण 16/9/21

# अनुमति के बिना मुख्य सड़कों के किनारे निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर नगर निगम करेगा तोड़ने की कार्यवाही

प्रसारण

रतलाम। शहर की मुख्य सड़के सैलाना रोड, सागोद रोड, महू रोड, स्टेशन रोड सहित अन्य सड़को के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति के निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर उन्हे तोड़ने की कार्यवाही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गठित दलो के द्वारा प्रारंभ की जा रही है साथ ही संबंधितों से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राशि वसूल की जायेगी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया नगर निगम के गठित दलो को निर्देशित किया है शहर की मुख्य सड़कों के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर 13 सितम्बर सोमवार से प्रारंभ कर प्रतिदिन की जाये व संबंधितों से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राशि वसूल की जाये। नगर निगम द्वारा बिना अनुमति के निर्माण तोड़ने की कार्यवाही की जा रही है नागरिकों से अपील है कि वे अनुमति के बिना निर्माण कार्य ना करें।

प्रसारण 16/9/21

# डेंगू पाजिटिव बालक की मौत, बुखार से किशोरी ने दम तोड़ा

## खबर लगते ही गांव में सर्वे करने पहुंचा स्वास्थ्य विभाग का अमला, आज मलेरिया विभाग की टीम जाएगी

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** जिले के सेमलिया गांव के एक 12 वर्षीय बालक की डेंगू मेडिकल कालेज उज्जैन में गत रात्रि मौत हो गई। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग का अमला भी हरकत में आया है। एलाइजा टेस्ट नहीं होने से विभागीय स्तर पर डेंगू से मौत की पुष्टि नहीं की जा रही है, लेकिन बालक की एंटीजन रिपोर्ट पाजिटिव थी। इसी तरह एक 16 वर्षीय किशोरी की भी जिला अस्पताल में बुखार से मौत हो गई।



हरिओम सोलंकी

सेमलिया निवासी 12 वर्षीय हरिओम पुत्र विशाल सोलंकी को तेज बुखार आने पर पहले गांव में उपचार दिलाया गया था। इसके बाद जब हालत बिगड़ी तो शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। यहां एंटीजन किट जांच में डेंगू पाजिटिव मिलने पर उपचार किया, लेकिन प्लेटलेट्स लगातार कम होते हुए 31000 हजार पहुंचने पर बालक की हालत बिगड़ने लगी। इसके बाद निजी अस्पताल ने मेडिकल कालेज उज्जैन रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान मंगलवार की देर रात बालक की मौत हो गई है।

### गांव में होगा विशेष सर्वे

स्वास्थ्य विभाग ने अपनी गाइड लाइन के अनुसार डेंगू से मौत की पुष्टि नहीं की, लेकिन प्लेटलेट्स की स्थिति और एंटीजन रिपोर्ट के आधार पर डेंगू से मौत की संभावना से इंकार भी नहीं किया। साथ डेंगू से बालक की मौत होने की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में सर्वे करने के लिए भी पहुंच गई है। गुरुवार को मलेरिया विभाग की टीम विशेष सर्वे करने जा रही है।

मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि सूचना मिलने पर हम मामले को संज्ञान में लिया है। बालक का उपचार निजी अस्पताल में चला था। एंटीजन में डेंगू मिला है, लेकिन एलाइजा टेस्ट के बिना डेंगू से मौत की पुष्टि नहीं की जा सकती। मरीज की हालत ऐसी थी कि डेंगू की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। बालक की डेंगू से संदिग्ध मौत मानकर हम पूरे गांव में सर्वे करा रहे हैं।

### बुखार से मौत, पीएम नहीं कराया

बिलपांक थाना क्षेत्र के ग्राम रत्तागढ़खेड़ा निवासी 16 वर्षीय संतोष पुत्री सखुराम की बुखार से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार संतोष को बुखार आने से तबीयत बिगड़ने पर मंगलवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां रात करीब तीन बजे उसने दम तोड़ दिया। डाक्टर ने पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा था, लेकिन स्वजन ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। बुधवार सुबह स्वजन शव घर ले गए व अंतिम संस्कार किया।

### छह नए मरीज मिले, कुल आंकड़ा 300 पार



झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते विधायक चेतन्य काश्यप। ● नईदुनिया

जिला अस्पताल की लैब में किट आने पर चार दिन बाद बुधवार से डेंगू का एलाइजा टेस्ट शुरू हो गया। 37 रिपोर्ट में डेंगू के छह नए मरीज मिले। जिले में इस साल अब तक 305 मरीज मिले चुके हैं। इनके अलावा एंटीजन जांच में हर दिन 25 नए मरीज मिल रहे हैं। अब निजी अस्पतालों के अलावा जिला अस्पताल में एंटीजन किट की जांच के आधार पर डेंगू की जांच कर उपचार दिया जा रहा है। बुधवार को 25 मरीजों में डेंगू के लक्षण मिले, जिनका उपचार शुरू हो गया है। 272 डेंगू पीड़ित मरीज स्वस्थ होकर अपने घरों में हैं। साथ ही बुधवार को तीन वार्डों में चार दलों के 18 सदस्यों ने 75 घरों का सर्वे किया। इस दौरान सात घरों में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया है।

बुधवार को डेंगू पर प्रहार अभियान रैली को विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नगर निगम परिसर से हरी झंडी दिखाकर शहर भ्रमण के लिए रवाना किया। डेंगू के विरुद्ध जनजागरूकता के लिए आयोजित रैली ने शहर में भ्रमण किया। इस दौरान निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे भी उपस्थित थे। नईदुनिया

नईदुनिया 16/9/21

## डेंगू पर प्रहार अभियान : विधायक चेतन्य काश्यप ने की रैली की शुरुआत, फॉगिंग भी होती रही

भास्कर




**रतलाम** | डेंगू पर प्रहार अभियान की शुरुआत बुधवार से हुई है। रैली को विधायक चेतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नगर निगम परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डेंगू के विरुद्ध जनजागरूकता लाने के लिए रैली ने शहर में भ्रमण किया। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे भी मौजूद थे। इस दौरान फॉगिंग भी होती रही। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वाहक मच्छरों की वृद्धि में कमी लाने के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अभियान जारी रहेगा।

दै. भास्कर 16/9/21

# सुभाष शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की 99 दुकानें बेचने की कवायद, निगम 35 लाख से करेगा मरम्मत

**निगम आयुक्त झारिया ने किया निरीक्षण**

• भास्कर संवाददाता | रतलाम



निरीक्षण करके आयुक्त झारिया व इंजीनियर।

तीन से चार बार की नाकाम कोशिश के बाद महू रोड स्थित सुभाष कॉम्प्लेक्स की 99 दुकानों को बेचने के लिए नगर निगम ने एक बार फिर कवायद शुरू कर दी है। इसके पहले मार्केट की दशा बदलकर खरीदारों को आकर्षित करने के लिए निगम 35 लाख रुपए खर्च कर मार्केट की मरम्मत करवा रहा है। इसमें दुकान व मार्केट की छत का मेंटेनेंस किया जा रहा है। लिफ्ट भी लगाई जाएगी।

बुधवार दोपहर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मार्केट का निरीक्षण किया। उन्होंने छत की मरम्मत, सफाई, पानी की व्यवस्था, समीप के नाले की सफाई, पर्याप्त बिजली व्यवस्था, दुकानों के टूटे शटरों की मरम्मत सहित आसपास की सरकारी जमीन पर काबिज अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। झारिया ने बताया सुभाष मार्केट की दुकानों की नीलामी ई-निविदा के माध्यम की जाएगी। आवंटन की कार्रवाई अचल संपत्ति अन्तरण नियम 2016 व संशोधित नियम 2021 के तहत होगी। दुकानों की 30 साल की लीज या 10 साल की लीज एक मुश्त जमा कराने पर फ्री होल्ड का प्रावधान भी रखा है। इसके साथ ही दुकानों पर किसी तरह का किराया नही रहेगा। मार्केट में निगम ने कार्यालय खोला है, जहां इच्छुक खरीदार जानकारी ले सकते हैं। भास्कर

दे. भास्कर 16/09/21

## 35 लाख से संवरेगा सुभाष शापिंग काम्प्लेक्स मार्केट

**रतलाम।** शहर के सबसे व्यस्ततम और मुख्य क्षेत्र स्थित सुभाष शापिंग काम्प्लेक्स की 99 दुकानों को नगर निगम के ई टेंडर के माध्यम से आगामी दिनों नीलाम करने जा रहा है। इस नीलामी को लेकर शहर सहित अन्य नगरों के व्यापारी व खरीदारी भी रुचि दिखा रहे हैं। कुछ समय पूर्व निर्मित इस मार्केट की दुकानों व छत बेहतर बनाने के लिए निगम प्रशासन यहां लगभग 35 लाख की लागत से मरम्मत कार्य भी शुरू करवा चुका है। बुधवार दोपहर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मार्केट का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

नईदुनिया 16/9/21

# वैक्सीनेशन : रात 8 बजे तक अगले दिन का प्लान बनाएंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

वैक्सीनेशन को लेकर बुधवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम का सख्त रवैया दिखा। वैक्सीनेशन का लक्ष्य पूरा करने कलेक्टर ने सभी एसडीएम को प्लानिंग करने का कहा है। कलेक्टर ने कहा आलोट को छोड़कर अन्य स्थानों पर ठीक से प्लानिंग नहीं की जा रही है। परिस्थिति को देख ठीक से प्लान बनाएं। समय पर वैक्सीनेशन दल केंद्र पर पहुंचे और अगले दिन के लिए रात 8 बजे तक रूट चार्ट तैयार हो जाए।

कलेक्टर ने कहा 16 सितंबर के वैक्सीनेशन की हर 2 घंटे में रिपोर्ट डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन को दें। वाट्सएप ग्रुप और 1075 नंबर पर सुबह 9 बजे, 11 बजे, दोपहर 1 बजे, 3 बजे और शाम 7 बजे रिपोर्ट दें। 17 सितंबर को 80,000 सेकंड डोज की प्लानिंग करना है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन वैक्सीनेशन किया जाए। कलेक्टर ने स्कूलों में भी वैक्सीनेशन की समीक्षा की।

## शहर में 17 को 25 स्थानों पर होगा वैक्सीनेशन

कोरोना वैक्सीनेशन अभियान में 17 सितंबर को बड़े स्तर पर वैक्सीनेशन होगा। 25 स्थान तय किए गए हैं। इन स्थानों पर वैक्सीन के दूसरे डोज लगाए जाएंगे। शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि रतलाम शहर में प्रथम डोज वैक्सीनेशन लगभग पूरा होने वाला है। 2 दिनों में मोबाइल वैक्सीनेशन टीम द्वारा अब तक बचे लोगों, गर्भवती महिलाओं को भी वैक्सीनेट किया जा चुका है यह क्रम 16 सितंबर को भी जारी रहेगा। अब पूरा फोकस दूसरे डोज पर है। जिन लोगों ने 25 जून या उससे पहले पहला डोज लगवा लिया है, वे दूसरे डोज के लिए ड्यू हो चुके हैं। ऐसे लोग 25 सत्र स्थलों में से कहीं पर भी पहुंच कर टीका लगवाएं। सेकंड डोज के लिए ड्यू लोगों की सूची भी क्षेत्रवार उपलब्ध करवाई गई है।

दै.भास्कर 16/9/21

# वैक्सीनेशन के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** जिले में वैक्सीनेशन लक्ष्य अर्जित करने के लिए अपने क्षेत्र की परिस्थिति अनुसार कार्य योजना बनाएं। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने वैक्सीनेशन समीक्षा बैठक में बुधवार को दिए। कलेक्टर ने कहा कि आलोट एसडीएम को छोड़कर शेष स्थानों पर ठीक से प्लानिंग नहीं की गई है। समय पर वैक्सीनेशन दल अपने केंद्र पर पहुंचे। अगले दिन के लिए रूट चार्ट रात आठ बजे तक तैयार हो जाए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि 16 सितंबर के वैक्सीनेशन की प्रत्येक दो घंटे की रिपोर्ट डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन को प्रेषित की जाए। वाट्सएप ग्रुप तथा 1075 नंबर पर सुबह नौ बजे, 11 बजे, दोपहर एक बजे, तीन बजे तथा शाम सात बजे रिपोर्ट दी जाए। 17 सितंबर को 80 हजार सेकंड डोज की प्लानिंग करना है।

बैठक में सीएमएचओ ने बताया कि अभी प्रत्येक दिवस जिला अस्पताल में दो सौ से ढाई सौ लोगों को वैक्सीन लगाई जा रही है। स्कूलों में विद्यार्थियों के वैक्सीनेशन की समीक्षा में सैलाना एसडीएम ने बताया कि बारहवीं कक्षा के 62 विद्यार्थियों को वैक्सीनेशन किया गया बाजना में 203 विद्यार्थी अभी शेष हैं। जावरा में 24 विद्यार्थियों का वैक्सीनेशन किया गया। कलेक्टर ने मंडियों में भी वैक्सीनेशन की स्थाई व्यवस्था निर्मित करने के निर्देश दिए।

## आज से शुरू होगा कंट्रोल रूम

डेंगू नियंत्रण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में मच्छर नाशक छिड़काव कराया जाए। 16 सितंबर से कंट्रोल रूम कार्य करेंगे। ये वैक्सीनेशन तथा डेंगू दोनों के लिए होंगे। कलेक्टर ने मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए।

**कुकड़ेश्वर।** नगर में लोगों को लगातार कोरोना टीकाकरण के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार दोपहर करीब दो कोरोना टीकाकरण के लिए जागरूकता अभियान को लेकर नगर भ्रमण किया। नईदुनिया

नईदुनीया 16/9/21

# शिवराज सिंह आज करेंगे स्व-सहायता समूहों से संवाद

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्व-सहायता समूहों के सदस्यों से सीधा संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री निवास पर गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे आयोजित होने वाले संवाद कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 500 महिला समूह सदस्य शामिल होंगी। साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में ग्राम पंचायत स्तर पर समूह सदस्य कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे। मुख्यमंत्री स्व-सहायता समूह सदस्यों से अनुभव साझा करने के साथ उत्पाद क्रेताओं से भी चर्चा करेंगे।

## प्रदेश के करीब 500 महिला समूह सदस्य होंगे शामिल

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत निर्धन परिवारों की महिला सदस्यों को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण किया जा रहा है। मिशन द्वारा प्रदेश के लगभग 44 हजार ग्रामों में 3 लाख 33 हजार समूहों का गठन किया गया है। इन समूहों से लगभग 37 लाख 94 हजार परिवारों को जोड़ा जा चुका है। इनमें से लगभग 13 लाख परिवारों को कृषि आधारित गतिविधियों और लगभग 4 लाख 90 हजार परिवारों को गैर कृषि आधारित आजीविका गतिविधियों से जोड़ा गया है। कोरोना काल में भी वर्चुअल माध्यमों से मुख्यमंत्री समूह सदस्यों से रू-ब-रू होते रहे हैं। कार्यक्रम में कुछ क्रेता-विक्रेता प्रत्यक्ष एवं वर्चुअल माध्यम से चर्चा करेंगे। कुछ जिलों में समूहों द्वारा नए उत्पादों का निर्माण शुरू किया गया है, जिन्हें श्री चौहान द्वारा लांच किया जाएगा। यह उत्पाद पोर्टल पर विक्रय हेतु उपलब्ध रहेंगे। कोरोना के समय समूह सदस्यों द्वारा मास्क, सेनेटाइजर, हैंडवॉश, साबुन, पीपीई किट बनाकर उपलब्ध कराई गई।

### प्रदर्शनी का भी करेंगे अवलोकन

लॉकडाउन, जनता कर्फ्यू के दौरान आवश्यक वस्तुएं जनता तक पहुंचाने में सहायता करने के साथ आपदा कोष बनाकर जरूरत का सामान आम जन तक पहुंचाया गया था। बैंक सखियों द्वारा संकट काल में बैंकिंग सेवा, बीमा, आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहायता करते हुए, ग्रामीण क्षेत्र में संक्रमण पर नियंत्रण में सहयोग किया गया था। कोरोना से बचाव, उपचार सहायता, टीकाकरण कराने के लिये समझाइश, किल कोरोना अभियान में सहयोग, दवा वितरण, एम्बुलेंस, उपचार संस्थाओं तक पहुंचाने में लोगों का सहयोग एवं मार्ग दर्शन करने जैसा अतुलनीय कार्य किया गया है। कोरोना वॉरियर्स के रूप में किए इन सभी कार्यों के संबंध में लगाई जा रही प्रदर्शनी का भी मुख्यमंत्री अवलोकन करेंगे। समूहों के माध्यम से महिलाओं का सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री चौहान द्वारा स्व-सहायता समूह के सदस्यों से संवाद कार्यक्रम का दूरदर्शन के साथ सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर प्रसारण होगा।

राजएक्सप्रेस 16/9/21

**जानलेवा डेंगू** • कोरोना के बाद बच्चों के नेबुलाइजर और आईवी सेट की डिमांड भी तीन गुना से ज्यादा बढ़ी

# 12 साल के बालक की मौत, बच्चों में बढ़ा जोखिम, बाल चिकित्सालय के बरामदे में भर्ती कर रहे

- थर्मामीटर की मांग इतनी बढ़ी कि स्टोर पर मिल नहीं रहे
- बच्चों में 60% से ज्यादा मामलों में सर्दी-खांसी, बुखार के लक्षण मिल रहे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

हमारे जिले में छोटे बच्चों में तेजी से बुखार फैल रहा है। कहीं वायरल तो कहीं डेंगू के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। बुधवार को डेंगू से 12 साल के बच्चे की मौत का मामला सामने आया, वह एंटीजन पॉजिटिव था। इधर अस्पताल में आलम ऐसा है कि बुधवार को बाल चिकित्सालय के वार्ड में जगह नहीं बची। वार्ड के बाहर बरामदे में भी बच्चों को भर्ती कर इलाज करना पड़ा। इधर, बच्चों में बुखार की हालत का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि बाल चिकित्सालय के आसपास बने रेडक्रॉस सहित अन्य मेडिकल स्टोरों पर रात को थर्मामीटर तक नहीं मिले।

डेंगू और वायरल का प्रकोप बना हुआ है। ग्रामीण इलाकों से भी लोग रतलाम के अस्पताल में आ रहे हैं। बाल चिकित्सालय के साथ ही जिला अस्पताल के भी हाल खराब हैं। वार्ड में जगह नहीं बची है, बाल चिकित्सालय में बुधवार को बच्चों को वार्ड के बाहर भर्ती करना पड़ा। हालांकि राहत की बात यह है कि बच्चों को इलाज मिल रहा है। इधर, डॉक्टरों के मुताबिक अस्पताल में पहुंचने वाले बच्चों में 60% से ज्यादा मामलों में सर्दी-खांसी, बुखार के ही मामले हैं। डेंगू के शुरुआती लक्षण पता करने के लिए सीबीसी जांच भी की जा रही है ताकि प्लेटलेट्स के बारे में पता रहे और सही समय पर इलाज किया जा सके।

**जिला चिकित्सालय में भी वार्ड फुल हुए, ग्रामीण इलाकों से बढ़ रहे मरीज**



बाल चिकित्सालय में इस तरह बच्चों को वार्ड के बाहर भर्ती करना पड़ रहा है।

**भास्कर लाइव : रात 11 बजे**

## मेडिकल स्टोर खुले लेकिन थर्मामीटर नहीं, संचालक बोले - अभी हाई डिमांड है

**समय** - रात 11 बजे
**स्थान** - बाल चिकित्सालय के बाहर
**स्थिति** - बाल चिकित्सालय के बाहर कुछ मेडिकल स्टोर खुले थे। थर्मामीटर के बारे में पूछने के लिए भास्कर टीम पहुंची, जेपी मेडिकल स्टोर पर बैठे संचालक ने थर्मामीटर होने से मना कर दिया, पूछने पर बताया कि अभी हाई डिमांड है, सुबह दे पाएंगे। पास ही माणकमल मेडिकल स्टोर और भरत मेडिकल स्टोर पर भी नहीं मिले। माणकमल मेडिकल स्टोर पर संचालक ने फोन लगाए लेकिन सफलता नहीं मिली। संचालक ने कहा कि अभी डिमांड ज्यादा बढ़ गई है। बाल चिकित्सालय के परिसर में बने रेडक्रॉस के मेडिकल स्टोर पर भी थर्मामीटर नहीं थे।

## एलाइजा किट मिली, 6 नए पॉजिटिव सामने आए

बुधवार को डेंगू की एलाइजा किट मिल गई। किट खत्म हो जाने के कारण 4 दिन से जांच नहीं हो पा रही थी। बुधवार को एलाइजा व एंटीजन से 37 लोगों की जांच की गई। इसमें 6 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। जिले में 305 लोग डेंगू पॉजिटिव आ चुके हैं।

## रात 3 बजे 16 साल की किशोरी की मौत

अस्पताल में मंगलवार रात 3 बजे 16 साल की संतोष बाई की भी मौत हुई। वे रतागढ़खेड़ा की थीं। युवती को बुखार के साथ ही बीमार होना बताया जा रहा है। हालांकि सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर ने इस मामले की जानकारी होने से इनकार किया है।

## तबीयत बिगड़ने पर उज्जैन ले गए थे परिजन

बुधवार को सेमलिया में डेंगू से 12 साल के बच्चे हरिओम पिता विशाल सोलंकी की मौत हो गई। बच्चे की तबीयत बिगड़ने पर डेंगू की जांच की गई थी जिसमें एंटीजन रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। पहले जिला अस्पताल में भर्ती करवाया था, इसके बाद निजी अस्पताल में ले गए, हालत बिगड़ने पर बच्चे को उज्जैन के निजी अस्पताल में ले गए थे। लेकिन बालक ने दम तोड़ दिया। परिजन ने बताया एंटीजन टेस्ट रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव आई थी। ब्लड प्लेटलेट्स भी लगातार कम हो रहे थे। मंगलवार रात बालक की मौत हो गई।



मृतक बालक हरिओम

## एजेंसी संचालक बोले - आईवी सेट की मांग बढ़ी

मेडिकल एजेंसी संचालक विनय माहेश्वरी ने बताया कि बच्चों के मेडिकल उपकरण की डिमांड बढ़ी है। थर्मामीटर के साथ ही नेबुलाइजर व आईवी सेट ज्यादा बिक रहे हैं। दवा में सर्दी-खांसी बुखार की दवाई की डिमांड बनी हुई है। बाल चिकित्सालय के पास ही मेडिकल स्टोर संचालक हार्दिक मेहता ने बताया कि नेबुलाइजर और मास्क की भी डिमांड आ रही है। पहले थर्मामीटर सप्ताहभर में दो या तीन ही बिकते थे लेकिन अब रोज 8 से 10 लोग ले जा रहे हैं।

## क्षेत्र में टीम भेजी है

*बालक डेंगू एंटीजन पॉजिटिव था। एलाइजा टेस्ट नहीं लगा था। हमने टीम भेजी है। कल मैं जांच के लिए गांव में जाऊंगा।*

**डॉ. प्रमोद प्रजापति,** मलेरिया अधिकारी, रतलाम

# लार्वा सर्वे और डेंगू के मरीजों की पहचान करने घर-घर सर्वे

रतलाम। जिले में तेजी से फैल रहे डेंगू की रोकथाम के लिए है प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू पर प्रहार अभियान की शुरुआत की है। नगर निगम परिसर में शहर विधायक चेतन्य काश्यप और कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अभियन रैली को हरी झंडी दिखाकर इस

- **डेंगू पर प्रहार अभियान शुरू**
- **रोकथाम के लिए लोगों को कर रहे जागरूक**

**अभियान की शुरुआत की है।**

डेंगू की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन ने हाई लेवल मीटिंग बुलाकर युद्ध स्तर पर लार्वा सर्वे और डेंगू के मरीजों की पहचान करने के लिए घर-घर सर्वे करवाया जा रहा है। वहीं लोगों को डेंगू की रोकथाम के लिए जागरूक करने के लिए आज से डेंगू पर प्रहार अभियान की शुरुआत की गई है। जिसमें रैली के माध्यम से लोगों को डेंगू से बचाव एवं नियंत्रण की जानकारी दी जाएगी। रतलाम जिले में डेंगू के बढ़ते मरीजों से शासकीय और प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लग गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार रतलाम जिले में अब तक 299 डेंगू के पॉजिटिव मरीज मिल चुके हैं। जिसमें से




## मरीजों की बढ़ती संख्या को लेकर प्रशासन ने शुरू किया अभियन

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार रतलाम जिले में अब तक 299 डेंगू के पॉजिटिव मरीज मिल चुके हैं। जिसमें से 120 के करीब बच्चे भी डेंगू की चपेट में आए हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने घर-घर सर्वे अभियान के अलावा जन जागरूकता अभियान भी शुरू किया है जिसके अंतर्गत डेंगू पर प्रहार अभियान की शुरुआत की गई है।

120 के करीब बच्चे भी डेंगू की चपेट में आए हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने घर-घर सर्वे अभियान के अलावा जन जागरूकता अभियान भी शुरू किया है जिसके अंतर्गत डेंगू पर प्रहार अभियान की शुरुआत की गई है। जिसमें डेंगू से बचाव एवं नियंत्रण की जानकारी आम लोगों तक पहुंचा कर उन्हें जागरूक किया जाएगा। नवभारत

नवभारत 16/9/21

पांच साल में 50 हजार से.अधिक कर्मचारी हो गए विभागों में सेवानिवृत्त

# पदोन्नतियों का नया नियम लागू करने कर्मचारियों ने बनाया सरकार पर दबाव


## कर्मचारी बोले जब जीएडी ने नियम तैयार किया तो उसे लागू करने में क्या दिक्कत

भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क

प्रदेश में पांच साल से बंद पदोन्नति चैनल खोलने और तंत्र को खुश रखने सरकार ने नया रास्ता निकाला है। वर्ष 2016 से पदोन्नतियों के लिए छटपटाते लोक सेवकों के लिए अब सरकार ने 5 सदस्यीय मंत्री स्तरीय कमेटी बनाई है। इधर कर्मचारियों का कहना है कि कमेटी की कोई जरूरत नहीं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जो नियम तैयार किया गया है। उसे शीघ्र लागू होना चाहिए।

प्रदेश में वर्ष 2016 से अधिकारी कर्मचारियों के प्रमोशन की प्रक्रिया बंद पड़ी हुई है। तभी से प्रदेश के अधिकारी और कर्मचारी राज्य सरकार पर पदोन्नति करने का दबाव बनाते रहे हैं। कर्मचारी स्वयं कह रहे हैं कि निकट भविष्य में विधानसभा चुनाव नजदीक है। इस कारण सरकार भी तंत्र को नाखुश नहीं करना चाह रही है। क्योंकि सरकारी जानती हैं कि अगर अधिकारी कर्मचारी रूठे तो निश्चित तौर पर कहीं ना कहीं नुकसान उठाना पड़ सकता है।

नतीजतन लंबी प्रतीक्षा के बाद सरकार ने अधिकारी कर्मचारियों की पदोन्नतियों के लिए नया रास्ता तैयार किया है। इसके लिए पांच मंत्रियों की एक कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी में राज्य सरकार के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट वन मंत्री



कुंवर विजय शाह सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया एवं सामान्य प्रशासन मंत्री इंदर सिंह परमार को शामिल किया गया है। सोमवार को इस संबंध में बाकायदा सामान्य प्रशासन विभाग के उप सचिव द्वारा इसके आदेश जारी किए गए हैं। आदेश में पांचों मंत्रियों के कमेटी में शामिल होने का उल्लेख किया गया है। इसमें यह भी बताया गया है कि मंत्रियों की अनुशंसाओं पर पात्रता के अनुसार प्रदेश के लोक सेवकों को पदोन्नति के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

यह आदेश जारी होते ही अनेक विभागों में कर्मचारी अधिकारी सक्रिय हुए हैं। इनका कहना है कि सरकार तत्काल चैनल तैयार कर प्रमोशन करे। क्योंकि पिछले पांच साल में करीब 50 हजार सेवक बिना प्रमोशन के रिटायर्ड हुए हैं।

### जीएडी ने नियम बनाया वही लागू होना चाहिए: पाटिल

इस संबंध में अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स के महासचिव गौतम पाटिल कहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता के सुझाव पर सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रमोशन के लिए नये नियम बनाये गये हैं। श्री पाटिल का कहना है कि जीएडी द्वारा जो नया नियम बनाया गया है, उसी को लागू होना चाहिए। कमेटी बनाने की इस समय कोई जरूरत ही नहीं है। नियम लागू करके सरकार उसी के अनुसार तत्काल पदोन्नतियां करे।

### इनका कहना है...

कमेटी की कोई जरूरत नहीं है। सरकार वरिष्ठता के आधार पर अगर पदोन्नतियां करती है तो सरकारी विभागों और निगम मंडलों की करीब 10 लाख अधिकारी कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

**राजीव शर्मा**, प्रदेश सचिव, मप्र शिक्षक संघ

नया नियम तैयार कर सरकार विभाग वार चैनल से प्रमोशन कर सकती है। पांच साल से प्रतिबंध होने के कारण हजारों कर्मचारी बिना प्रमोशन के रिटायर्ड हो गए हैं। इससे उन्हें नुकसान हुआ है।

**भानु तिवारी**, अध्यक्ष, जागरूक अधिकारी कर्मचारी संघ

राज एक्सप्रेस 16/9/21

नहीं निकल पा रहा रास्ता | अब मंत्री समूह से फिर जागी कर्मचारियों को उम्मीद

# चार साल से अटकी पदोन्नति, प्रयास साबित हो रहे नाकाफी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. सरकारी कर्मचारियों को 4 साल बाद भी पदोन्नति का रास्ता नहीं निकल पाया है। अब सरकार ने एक बार फिर प्रयास शुरू किए हैं। मंत्री समूह से कर्मचारियों की उम्मीदें बढ़ी हैं। नाराजगी यह है कि कर्मचारियों को पदोन्नति नहीं मिल पा रही, जबकि राज्य प्रशासनिक सेवा और अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा के अफसरों के प्रमोशन में कोई रोक नहीं है। उधर, सुप्रीम कोर्ट में अक्टूबर से अंतिम सुनवाई शुरू होने से भी काफी उम्मीदें हैं। यह पहला मौका नहीं है जब पदोन्नति के लिए मंत्री समूह गठित किया गया हो। कमलनाथ सरकार के समय भी ऐसे ही प्रयास शुरू हुए थे। तत्कालीन सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री डॉ. गोविंद सिंह की अध्यक्षता में गठित समिति ने कर्मचारी संगठनों का भी सुना था। उसी दौरान प्रमोशन के अभाव में उच्च पदनाम का फॉर्मूला तय हुआ था। विभागों को निर्देश दिए गए थे कि वे अपने स्तर पर कार्यवाही कर कर्मचारियों को उच्च पदनाम दें। विभाग इस पर अमल कर पाते, इसके पहले ही सत्ता बदल गई और कमलनाथ सरकार का निर्णय फाइलों में दफन




हो गया। हालांकि अब पुलिस महकमे में उच्च पदनाम देने का क्रम शुरू हुआ है। अन्य विभागों के कर्मचारी इंतजार कर रहे हैं।

### यह प्रयास भी किए गए

सशर्त पदोन्नति का प्रस्ताव था कि यदि कोर्ट का निर्णय पदोन्नति के खिलाफ आया तो संबंधित कर्मचारी का डिमोशन कर दिया जाएगा। जिला अदालत कर्मियों के मामले में ऐसा ही हुआ।

कमलनाथ सरकार के समय पदोन्नति का मामला सदन में गूंजा। तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति ने कहा जब तक कर्मचारियों की पदोन्नति का रास्ता नहीं निकलता तब तक अफसरों की भी पदोन्नति न हो।

**जाग्रति के लिए निकाली रैली, लेकिन खुद के भवन में गंदगी**

# जहां बैठते नगर निगम आयुक्त वहीं पनप रहे सैकड़ों मच्छर

पत्रिका न्यूज पंच

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com


निगम कार्यालय में यहां पनप रहे मच्छर

**रतलाम.** शहर में डेंगू के मरीजों की संख्या करीब 300 होने को है। डेंगू के लार्वा से पार पाने के लिए अब जागृति लाने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की अपील पर बुधवार को जिस नगर निगम के सामने से रैली निकली, निगम कार्यालय में गंदगी के चलते सैकड़ों मच्छर पनप रहे है। दूसरों को प्रेरणा देने वाले नगर निगम आयुक्त अपने भवन क्षेत्र को साफ करने में फिसड्डी साबित हो रहे है।

## यहां हो रहा कीचड़

निगम में स्वास्थ्य विभाग व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के कार्यालय के पीछे ही गंदगी हो रही है। स्थिति यह है कि यहां पर बारिश का पानी जमा है व कीचड़ के साथ गंदगी हो रही है। इसको साफ करने में निगम के अधिकारी असफल साबित हो रहे है। निगम भवन में ही गाजर घांस भी उग रही है। उसको भी साफ नहीं किया गया है।

## जलजमाव हो रहा



शहर में जहां जहां सिटी फोरलेन बने है वहां दस्तावेज में तो जल निकासी के लिए व्यवस्था को बताया गया है, लेकिन मैदानी हकीकत इससे जुदा है। शहर के महू रोड स्थित कृषि उपज मंडी हो या सैलाना रोड से दो बत्ती तक आ रहे फोरलेन की, इन क्षेत्र में पानी निकासी का मार्ग नहीं होने से जलजमाव हो रहा है। ऐसे में इन स्थान पर भी गंदगी व पानी के एकत्रित होने के चलते जलजमाव के हालात है। कमोबेश शहर के कई क्षेत्र में इस प्रकार से जलजमाव हो रहा है, लेकिन इसको साफ नहीं किया जा रहा है।

## हर मोर्चे पर असफल

नगर निगम शहर में हर मोर्चे पर असफल साबित हो रही है। पूरा शहर गंदगी की चपेट में है। तीन दिन में इसमे सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस आंदोलन करेगी। - **महेंद्र कटारिया,** शहर कांग्रेस अध्यक्ष

## निरंतर सफाई हो रही

शहर में प्रतिदिन सफाई बेहतर तरीके से हो रही है। जहां से शिकायत मिलती है वहां पर कार्रवाई की जा रही है। जलजमाव भी समाप्त करने के निर्देश दिए जा रहे है। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 16/9/21